# पंजाब के राज्यपाल कटारिया ने भांडवपुर में भूमि पूजन किया

सायला, (निसं)। पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ यू.टी. के प्रशासक गुलाबचन्द कटारिया बुधवार को भांडवपुर तीर्थ में आयोजित हुए आचार्य जयरत्नसूरी के चातुर्मास प्रवेश एवं श्री वर्धमान राजेन्द्र जैन महाविद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में राज्यपाल गुलाचबंद कटारिया ने महाविद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में अपने कर कमलों से नींव का पत्थर स्थापित किया। इसके बाद राज्यपाल कटारिया ने संबोधित करते हुए कहा कि तीर्थो की महत्ता एवं पूज्यों के प्रति आदरभाव रखने से सभी जगह आदर प्राप्त होता है एवं अनादर करने पर सभी जगह ठोकरें खाते है। उन्होने गुरू को चुम्बकीय शक्ति बताते हुए स्वयं का अनुभव भी साझा किया। साथ ही भाण्डवपुर तीर्थ के विकास में भागीदार भामाशाहों का आभार जताया। राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने आचार्य जयरत्न सूरी को मरूधर मणि पद से अलंकृत किया।

साथ ही प्रशस्ति पत्र भेंटकर आचार्य को काम्बली वहोराई। इससे पूर्व भाण्डवपुर तीर्थ पहुंचने पर पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ यू.टी. के प्रशासक गुलाबचन्द कटारिया को पुलिसकर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इस अवसर पर राज्य के सहकारिता मंत्री गौतम दक, राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, सिवाणा विधायक हमीरसिंह भायल, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, जगसीराम कोली व रामलाल मेघवाल, जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, सहकारिता विभाग जोधपुर के अतिरिक्त निदेशक शुद्धोधन उज्ज्वल, मंजू सोलंकी सहित जनप्रतिनिधि व लोग उपस्थित रहे।



सायला के पास भांडवपुर में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

चातुर्मास के निमित आचार्य जयरत्न सूरी का प्रात: 10 बजे भांडवपुर में भव्य नगर प्रवेश हुआ।

आचार्य का महिलाओं ने सामैंया कर स्वागत किया। इस दौरान गुरूभक्त बैण्ड एवं ढोल-थाली की धुन पर नृत्य करते हुए चल रहे थे।

तीर्थ पहुंचने पर आचार्य ने महावीर स्वामी मंदिर, गुरू मंदिर, समाधि मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद राजचंदन मंजुवाटिका पहुंचे।

सभा को संबोधित करते हुए आचार्य ने भांडवपुर तीर्थ की प्रभाविकता एवं भगवान महावीर के प्रति क्षेत्रिय जनमानस में श्रद्धा का उल्लेख किया।

कार्यदक्ष मुनिराज आनन्दविजय ने स्वयं से ऊपर उठकर सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना अपनाने की बात कही। साथ ही धर्म के साथ शिक्षा के कार्यो के प्रति सभी को जुड़ने का आहपान किया। संघ अध्यक्ष वाघजीभाई वोरा ने सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

## रोटरी पार्क में पौधारोपण किया

जालोर, (कासं)। रोटरी क्लब जालोर की ओर से एमसीएच सेटर स्थित रोटरी पार्क में डॉक्टर्स डे एवं सीए दिवस मनाते हुए डॉक्टर्स डे एवं सीए का बहुमान कर पौधारोपण किया गया।

सचिव मंजू चौधरी बताया कि अध्यक्ष विनिता ओझा के नेतृत्व में क्लब सदस्यों ने एम सी एच सेंटर स्थित रोटरी पार्क में सत्र 2025-26 के प्रथम दिवस पर डॉक्टर्स-डे एवं सी ए दिवस के मौके पर डॉक्टर्स एवं सी ए का माल्यार्पण कर बहुभान किया गया। जिला अस्पताल एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य केंद्र जालोर, संजीवनी, श्रीराम,जगदंबा अस्पताल के सभी चिकित्सा अधिकारियों को 500 से अधिक पौधों व गमले का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस दौरान चिकित्सकों एवं समस्त रोटरी सदस्यों द्वारा रोटरी पार्क में पौधारोपण किया गया। अध्यक्ष विनीता ओझा ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र मे,मानव सेवा में योगदान सराहनीय है चिकित्सकों के इस अहम योगदान के लिए आज का दिन आभार व्यक्त करने का अवसर देता है।

इस कार्यकम में रोटरी क्लब के गत सत्र 2024-25 के अध्यक्ष संजय सन्देशा और सचिव जीशान अली के द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की गई। सचिव मंजू चौधरी नेपधारे गए सभी डॉक्टर व सी ए को धन्यवाद दिया।इस मौके पर वरिष्ठ रोटेरियन नन्दकिशोर जेथलिया,कानाराम परमार, डॉ. पवन औझा, रमेश जैन, सपना बजाज, नीरा माथुर, शीला चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, चेतना औझा, दिनेश सुन्देशा, अर्जुन सिंह डॉ.प्रकाश विश्नोई आदि मौजूद रहे।

# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित



उम्मेदाबाद में जनसंघ के संरक्षक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस एवं आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

सायला, (निसं)। जनसंघ के संरक्षक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस एवं आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा समन्वयक अरविंद जाजडा के निर्देशानुसार बुधवार को भाजपा मंडल सायला द्वारा पुराना बस स्टेण्ड पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। तत्पश्चात वक्ताओं ने कहा कि तत्कालीन इंदिरा सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक संस्थाओं की अवहेलना करते हुए आपातकाल लागू किया था। यह आपातकाल किसी युद्ध या आंतरिक विद्रोह के कारण नहीं, बल्कि सत्ता बचाने के लिए लगाया गया था। इस दौरान प्रेस की स्वतंत्रता और न्यायपालिका की निष्पक्षता को समाप्त कर दिया गया। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का भी हनन किया गया।

इस दौरान जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, मंडल उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित, रूपकिशोर अग्रवाल, ताराराम चौधरी, महामंत्री नरपतसिंह रेवतडा, बूथ अध्यक्ष सोनाराम चौधरी, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष विजय आचार्य, जगदीश राजपुरोहित, चम्पालाल राजपुरोहित, भबूतमल उदेश, बाबूलाल वैष्णव, मीठालाल माली, जबरसिंह चौराऊ, श्रवणसिंह, उत्तम माली, तिलोकसिंह चौराऊ, नारायणलाल, हुकमसिंह, संजय कुमार समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वही भाजपा मंडल उम्मेदाबाद के मंडल कार्यालय मांडवला में भाजपा के संरक्षक श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं आपात काल के कार्यक्रम के संबंध में निर्देश भाजपा जिला कॉर्डिनेटर अरविंद जाजडा ने निर्देश दिए कि बूथ स्तर, मंडल ओर जिला स्तर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करे त्तथा सरल ऐप पर अपलोड करे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के जन्म दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं ने मुंह मीठा किया और बधाईयां दी। इस अवसर जालौर जिला प्रभारी जिला संयोजक पुखराज राजपुरोहित, मंडल अध्यक्ष उत्तम चंद गर्ग, मंडल संयोजक राव गणपत सिंह बगेडिया, मंडल महामंत्री अमराराम माली, प स सदस्य भगवाना राम मेघवाल, शक्ति केंद्र संयोजक ओम प्रकाश वैष्णव, बूथ अध्यक्ष नारायण दास, , नारायण लाल जी गर्ग, शंकर सुथार, हमीर सिंह चौहान, पुखसिंह रावणा राजपूत, भरत सिंह ,बीजाराम राणा, मुकेश राणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सिंदरू बस स्टेंड पर रूकेगी रोडवेज बस

पाली, (नि.सं.)। सुमेरपुर से पाली मार्ग पर संचालित राजस्थान रोडवेज की साधारण व एक्सप्रेस बसें सिंदरू नियमित रूप से रूकेंगी। सुमेरपुर के विधायक व केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत की अनुशंसा पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, फालना आगार की मुख्य प्रबंधक रूचि पंवार ने सिंदरू में प्रार्थना बस स्टेंड के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के बाद रोडवेज की साधारण व एक्सप्रेस बसें रूकेंगी। मुख्य प्रबंधक ने आदेश में चालकों व परिचालकों को निर्देशित किया है कि वे सिंदरू बस स्टेंड से यात्रियों को बैठाएंगे व उतारेंगे।˙ नेशनल हाईवे 62 पर स्थित सिंदूर ग्राम के लोगों की यह मांग थी कि यहां पर रोडवेज की बसें रुकें। इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया गया। रोडवेज की बस से नहीं रुकने से ग्रामवासियों को कई मुश्किलों का सामना करना पडता था। केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत के प्रयासों से अब बस रूकेगी। आदेश के बाद सिंदरू व आसपास के गांवों के लोगों ने प्रसन्नता जताई है। साथ ही सिन्दरु की सरपंच चौथी देवी, प्रधान उर्मिला कंवर, हडमंतसिंह, शिवराज सिंह बिठिया, वगताराम कुमावत, लुम्बाराम देवासी, नारायण लाल कुमावत, राजेन्द्र सिंह राणावत, नरसिंग भाई सुथार, पाबुसिंह, दौलत सिंह राठौड़, शेषाराम लुहार, नारायण लुहार, नरेन्द्र भाई देवासी ने स्थानीय विधायक व मंत्री जोराराम कुमावत का आभार व्यक्त किया है।

### थाना मंडार में सी.एल.जी. की बैठक

रेवदर, (निसं)। हजरत इमाम हुसैन के मोहर्रम माह को लेकर पुलिस थाना मंडार में रेवदर उपाधीक्षक मनोज गुप्ता व मंडार थाना अधिकारी रविंद्रपाल सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए रेवदर पुलिस उप अधीक्षक मनोज गुप्ता ने बताया कि मोहर्रम का पर्व हमें शांति का पैगाम देता है एवं सभी पर्व व त्यौहारों को भाईचारे के साथ मनाएं। मोहर्रम के रूट के बारे में चर्चा की गई एवं बिजली के ढीले तारों की समस्या को लेकर बिजली विभाग के कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर सही करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने तीन बत्ती पर पडे गड्ढे के बारे में जानकारी दी व बताया कि गहरा गड्ढा होने के कारण रोजाना बाइक सवार गिरकर चोटिल होते हैं एवं ट्रेलर चालकों को भी वाहन चलाने में परेशानी होती है एवं भविष्य में बडी दुर्घटना भी घटित हो सकती है। जिस पर पुलिस अधिकारियों ने समस्या को नगरपालिका से अवगत करवाने की बात कही। वहीं पुलिस कर्मचारी युवराज सिंह द्वारा साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी गई व बताया कि किसी भी तरह की ठगी होने पर 193० पर शिकायत दर्ज करें ताकि ठगी की गई राशि को तत्काल वहीं रोका जाए। इस मौके पर सलीम खां सोढा, शकुर भाटी,शब्बीर भाटी, अकरम मेहर,मेहताब, जुनैद भाटी, भलाराम, परवेज मेहर,राहुल माली,जयेश माली, नागजी देवासी,मुकेश प्रजापत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### सहकारिता मंत्री दक ने पौधारोपण किया

जालोर, (कासं)। राज्य के सहकारिता मंत्री गौतम दक ने बुधवार को मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान "एक पेड़ मां के नाम अभियान" व अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत पौधारोपण कर जिले में सहकारिता विभाग के वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सहकारिता मंत्री गौतम दक ने अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अन्तर्गत ग्राम सेवा सहकारी समितियां को मजबूत करने प्रत्येक ग्राम पंचायत पर ग्राम सेवा सहकारी समिति खोलने और जिले में सहकारिता की गतिविधियों को बढ़ाने तथा अधिकाधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने पर बल दिया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, सहकारिता विभाग के खण्डीय अतिरिक्त रजिस्ट्रार शुद्धोधन उज्ज्वल, केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक नारायण सिंह चारण, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सुनील वीरभान, अधिशासी अधिकारी बैंक भवानी सिंह कविया सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### सहमति से 105 बीघा भूमि का बंटवारा

बाड़मेर, (नि.सं.)। राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत खारची मुख्यालय पर आयोजित शिविर में मोसेरी गांव के कमलसिंह, गणेशसिंह, जामसिंह व मेहरसिंह जैसे ग्रामीणों के लिए यह शिविर खुशियों की सौगात लेकर आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षों से चला आ रहा इनका संयुक्त खातेदारी विवाद शिविर में मौजूद अधिकारियों के सहयोग से सुलझ गया। शिविर में नायब तहसीलदार राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा तथा पटवारी संजय मीणा ने इन खातेदारों को अलग-अलग खाता खोलने की प्रक्रिया की जानकारी दी। आपसी सहमति से कुल 105 बीघा भूमि का बंटवारा हुआ तथा 12 खातेदारों के खाते अलग-अलग कर दिए गए। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों का आभार जताया।

### मदन राठौड को शुभकामनाएं दी

रेवदर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने बुधवार को अपना 71 वां जन्मदिन मनाया। जन्मदिवस के अवसर पर सिरोही भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित के नेतृत्व में जिले के कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के पाली आवास पर पहुंचकर उनके जन्मदिन को मनाया एवं उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान जिला महामंत्री योगेंद्र गोयल, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल, रेवदर मंडल अध्यक्ष हरीश लौहार सहित जिले के कई नेता एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# कविता को भारतीय नागरिकता प्रदान की



बाड़मेर जिले में रहने वाली पाक विस्थापित कविता को अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने भारतीय नागरिकता पत्र प्रदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

बाड़मेर,(नि.सं.)। बाड़मेर जिले में रहने वाली पाक विस्थापित कविता को बुधवार को अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने भारतीय नागरिकता प्रदान की।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने कविता पुत्री भूरोमल निवासी पाकिस्तान हाल सरस डेयरी के पीछे, विष्णु कॉलोनी बाड़मेर को विवाह के आधार पर भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र वितरित किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय नागरिकता मिलने के बाद भारत के नागरिको को मिलने वाले सभी अधिकार मिलेंगे। इस दौरान यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत समेत कई जने उपस्थित रहे।

सांसी कॉलोनी में हवलदार को पीटा, आरएसी जाब्ते पर पथराव

जोधपुर, (कासं)। शहर के रातानाडा सांसी कॉलोनी क्षेत्र में मंगलवार रात को आरएसी और पुलिस पर लोगों ने पथराव किया। एक साथ जमा लोगों को एकत्र होने से मना करने के साथ घर जाने को कहा गया था। बाद में शराब पीकर आए कुछ युवकों ने पुलिस लाइन के हवलदार को पीट दिया। जिससे वे काफी जख्मी हो गए। आरोपियों ने आरएसी और पुलिस पर पथराव भी किया। जिससे एकबारगी वहां तनाव वाली स्थिति बन गई। हालांकि अतिरिक्त जाब्ता बुलाया गया और फिर चार लोगों को शांतिभंग के आरोप में पकड़ा गया। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने पुलिस लाइन हवलदार की तरफ से राजकार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया गया है। एयरपोर्ट थाने के एसआई पूर्णसिंह ने बताया कि सांसी कॉलोनी रातानाडा क्षेत्र में सांसी कॉलोनी के लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरएसी और पुलिस का जाब्ता वहां पर तैनात रहता है। मंगलवार रात को पुलिस लाइन के हवलदार परसादीलाल मीणा भी वहां पर तैनात थे। कॉलोनी के आसपास कुछ लोग एकत्र थे तब उन्हें वहां से हटने के लिए कहा गया था। इसके बाद क्षेत्र के कुछ युवक शराब के नशे में वहां आए और हवलदार परसादीलाल मीणा से मारपीट करने लग गए। जिससे वे जख्मी भी हो गए। साथ ही युवकों द्वारा पुलिस और आएसी के जाब्ते पर पथराव शुरू कर दिया गया। जिसमें एक आरएसी को जवान भी चोटिल हो गया। इधर सूचना मिलने के साथ अतिरिक्त जाब्ता मौके पर भेजा गया। पुलिस ने वहां पहुंच कर चार लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। राजकार्य में बाधा डालने पर राहुल नायक, दीपक नायक, रामू नायक, अजय नायक, गागू उर्फ गाबू, जोगाराम नायक, शिव नायक, हिमांशु नायक, रोहित नायक के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस ने इनमें से चार लोगों को शांतिभंग में पकड़ा है। दर्ज मुकदमें में गिरफ्तारी फिलहाल नहीं हुई है।

## बालिका छात्रावास में प्रवेश के आवेदन 15 तक

जालोर, (कासं)। अल्पसंख्यक मामलात विभाग की ओर से जिला मुख्यालय जालोर पर अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास में प्रवेश के लिए अध्ययनरत अल्पसंख्यक वर्ग की छात्राओं से 15 जुलाई, 2025 तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किए गए हैं।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा अल्पंसख्यक बालिका छात्रावास में प्रवेश के लिए कक्षा 9 से उच्चतर कक्षाओं, पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अल्पसंख्यक छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

छात्रावास में अधिकतम 50 छात्राओं के नि:शुल्क रहने-खाने आदि की व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि छात्रावास में प्रवेश के आवेदन डाउनलोड कर अथवा कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, नर्मदा कॉलोनी से प्राप्त कर 15 जुलाई तक डाक अथवा व्यक्तिश: जमा कराये जा सकते हैं।

# सांसी कॉलोनी में हवलदार को पीटा, आर.ए.सी. जाब्ते पर पथराव, चार गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर के रातानाडा सांसी कॉलोनी क्षेत्र में मंगलवार रात को आरएसी और पुलिस पर लोगों ने पथराव किया। एक साथ जमा लोगों को एकत्र होने से मना करने के साथ घर जाने को कहा गया था। बाद में शराब पीकर आए कुछ युवकों ने पुलिस लाइन के हवलदार को पीट दिया। जिससे वे काफी जख्मी हो गए। आरोपियों ने आरएसी और पुलिस पर पथराव भी किया। जिससे एकबारगी वहां तनाव वाली स्थिति बन गई। हालांकि अतिरिक्त जाब्ता बुलाया गया और फिर चार लोगों को शांतिभंग के आरोप में पकड़ा गया। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने पुलिस लाइन हवलदार की तरफ से राजकार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया गया है।

एयरपोर्ट थाने के एसआई पूर्णसिंह ने बताया कि सांसी कॉलोनी रातानाडा क्षेत्र में सांसी कॉलोनी के लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरएसी और पुलिस का जाब्ता वहां पर तैनात रहता है। मंगलवार रात को पुलिस लाइन के हवलदार परसादीलाल मीणा भी वहां पर तैनात थे। कॉलोनी के आसपास कुछ लोग एकत्र थे तब उन्हें वहां से हटने के लिए कहा गया था। इसके बाद क्षेत्र के कुछ युवक शराब के नशे में वहां आए और हवलदार परसादीलाल मीणा से मारपीट करने लग गए। जिससे वे जख्मी भी हो गए। साथ ही युवकों द्वारा पुलिस और आएसी के जाब्ते पर पथराव शुरू कर दिया गया। जिसमें एक आरएसी को जवान भी चोटिल हो गया। इधर सूचना मिलने के साथ अतिरिक्त जाब्ता मौके पर भेजा गया। पुलिस ने वहां पहुंच कर चार लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। राजकार्य में बाधा डालने पर राहुल नायक, दीपक नायक, रामू नायक, अजय नायक, गागू उर्फ गाबू, जोगाराम नायक, शिव नायक, हिमांशु नायक, रोहित नायक के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

पुलिस ने इनमें से चार लोगों को शांतिभंग में पकड़ा है। दर्ज मुकदमें में गिरफ्तारी फिलहाल नहीं हुई है।

# बाल गृहों व किशोर न्याय बोर्ड पाली का निरीक्षण




अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ( जिला एवं सेशन न्यायाधीश ) पाली राजेन्द्र कुमार ने किशोर न्याय बोर्ड पाली एवं बाल गृहों का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) पाली राजेन्द्र कुमार द्वारा किशोर न्याय बोर्ड पाली एवं बाल गृहों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने बाल गृह के भवन की सफाई व्यवस्था, बालकों के लिये कपड़ें, बिस्तर, भोजन व आहार, चिकित्सा व्यवस्था, पालनागृह तथा भवन की स्थिति आदि के बारे में जायजा लिया गया। प्राधिकरण अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार द्वारा निरीक्षण के दौरान सम्प्रेषण गृह में उपस्थित बालकों से वार्तालाप की गई तथा उनकों गृह में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता, खेल, पढ़ाई इत्यादि के बारे में जानकारी ली।

बाल कल्याण समिति एवं गृह स्टाफ को निर्देश दिए गए कि बालकों के गृह में प्रवेशित करवाए जाने के समय उनके परिवारजनों एवं रिश्तेदारों शीघ्र ही सूचित किया जाए एवं सम्प्रेषण गृह में आवासित बालकों को बाल न्याय मित्र की सेवाएं तत्काल उपलब्ध करवाई जाए। वर्तमान में बालकों के खेलने हेतु इंडोर गेम्स में केरम, सांप सीढ़ी, लुडो इत्यादि उपलब्ध है। पुस्तकालय में शैक्षिणक एवं नैतिक कहानियों की किताबों का संठाह भी बालकों हेतु उपलब्ध हैं। बाल गृह में चिकित्सक द्वारा नियमित रूप से विजिट कर बालकों के स्वास्थ्य जांच की जाती है। इसके साथ ही प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी सुश्री निकिता जैन एवं अक्षीता जैन को किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल गृहों की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विक्रम सिंह भाटी, ऋचा चौधरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, निलेश सिंह चौधरी प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, कन्हैयालाल समन्वयक, न्यायमित्र आदि उपस्थित रहे।

## बैठक आज

जालोर, (कासं)। शिक्षा विभाग के कार्यो के क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर गठित जिला निष्पादक समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 4 जुलाई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट में होगी। जानकारी मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत ने दी।

# बालराई के स्कूल में कला व कृषि संकाय की मंजूरी

पाली, (नि.सं.)। शिक्षा विभाग ने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के दो विद्यालयों को क्रमोन्नत किया है। इनमें भूतमगरी सांडेराव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा बांकली के राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय को सीधे उच्च माध्यमिक विद्यालय में कमोन्नत किया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार स्थानीय विधायक व केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के प्रयासों से इन विद्यालयों का क्रमोन्नयन किया गया है।

इसी तरह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालराई (रानी) में मंत्री कुमावत की प्रयासों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अनुशंषा पर शिक्षा विभाग ने कला एवं कृषि विज्ञान संकाय शुरू करने का आदेश जारी किया है।

स्कूलों के क्रमोन्नत व नए संकाय खोलने के निर्णय पर स्थानीय विधायक व मंत्री जोराराम कुमावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त किया है।

इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कुमावत ने कहा कि इसका सीधा लाभ उन सैकड़ों विद्यार्थियों को मिलेगा, जिन्हें 12वीं तक की पढ़ाई के लिए घर से दूर जाना पड़ता था।

इसके साथ ही बालराई (रानी) के विद्यालय में कला व कृषि विज्ञान संकाय शुरू इस नए सत्र-2025-26 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अध्ययन की सुविधा मिलेगी।

सरकार के इस कदम से विद्यार्थियों में कृषि विज्ञान विषय के प्रति रुचि बढ़ने के साथ ही विद्यार्थियों को फैकल्टी और सब्जेक्ट के लिए अतिरिक्त विकल्प प्राप्त होंगे।

सरकार की इस पहल से छात्रों को घर के पास ही 12वीं तक पढ़ाई, कृषि विज्ञान की पढ़ाई के लिए नए विकल्प और अध्यापन के लिए पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध होगा। इससे पढ़ाई का स्तर भी बेहतर होगा।

स्थानीय विधायक के प्रयासों से क्षेत्र को मिली इस सौगात पर सांडेराव के रतन देवासी, महिपाल सिंह जोधा, जिला परिषद सदस्य तनुश्री चौहान, प्रधान उर्मिला कंवर, शंकरसिंह राजपुरोहित तथा बांकली के शिवराज सिंह बिठिया, हडमंत सिंह, नरेन्द्र रावल, पूरणसिंह, मथरा भाटी, नैन प्रजापत, चूरसिंह, चंदनसिंह, प्रकाश भाई छीपा, करणसिंह, मोहन बोराना, सुरेश बोराना, वसनाराम राठौड़ ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत का आभार जताया है।

साथ ही निरंजन सिंह देवड़ा बांकली, नरेन्द्र रावल, करण सिंह मेफावत, सुरेश बोराणा, सुरसिंह देवड़ा, भंवर सिंह बांकली, रतनाराम देवासी, महिपालसिंह जोधा, मुकेश मोदी, चाणोद के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष शंकरसिंह काकु, पंचायत समिति सदस्य भावना खटीक, जगत सिंह राणावत, पन्नालाल माली, राजेन्द्र त्रिवेदी, भूराराम कुमावत, जयंतीलाल घांची, भूपेन्द्र कुमावत ने मंत्री जोराराम कुमावत का आभार जताया।

इसी तरह बालराई के स्कूल में नया संकाय खुलने पर सरपंच केसाराम कुमावत, हुकुम सिंह, खरोकड़ा नारायण सिंह, प्रधान श्याम कंवर, बालराई गांव के छतर सिंह, जगत सिंह, जगदीश कुमावत, भूराराम, प्रवीण कुमार, भावेश प्रजापत, पोमाराम देवासी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए विधायक व केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का आभार व्यक्त किया है।